भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

तारांकित प्रश्न सं. *392

जिसका उत्तर 27.03.2025 को दिया जाना है

राजमार्गों का गुणवत्तापूर्ण रखरखाव

*392. श्री अनुराग सिंह ठाकुर:

श्री सुनील कुमारः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या सरकार ने ठेकेदारों द्वारा राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) का निर्माण किए जाने के बाद उनके द्वारा पांच वर्ष की अवधि तक उन राजमार्गों का रखरखाव किए जाने से संबंधित प्रावधान किया है;

(ख) यदि हां, तो सरकार ठेकेदारों द्वारा राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण के बाद उनके द्वारा पांच वर्ष की अवधि तक उन राजमार्गों का रखरखाव किए जाने से संबंधित शुरू की गई नई शर्त को किस प्रकार लागू करेगी;

(ग) यह सुनिश्चित करने के लिए क्या तंत्र मौजूद हैं कि ठेकेदारों द्वारा रखरखाव से संबंधित दायित्वों को सड़क की गुणवत्ता बनाए रखने में लगने वाली लागत में कटौती किए बिना पूरा किया जाए, और

(घ) सरकार यह किस प्रकार सुनिश्चित करेगी कि रखरखाव संबंधी रिकॉर्ड और गुणवत्ता से संबंधित मूल्यांकन पारदर्शी हों और जनता के लिए सुलभ हों?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ) विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

"राजमार्गों का गुणवत्तापूर्ण रखरखाव" के संबंध में श्री अनुराग सिंह ठाकुर और श्री सुनील कुमार द्वारा पूछे गए दिनांक 27.03.2025 के लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. *392 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) और (ख) सरकार ने मौजूदा राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) नेटवर्क के रखरखाव को प्राथमिकता दी है और अन्य बातों के साथ-साथ उत्तरदायी रखरखाव एजेंसी के माध्यम से सभी एनएच खंडों के रखरखाव और मरम्मत (एमएंडआर) को सुनिश्चित करने के लिए एक कार्य तंत्र विकसित किया है।

एनएच परियोजनाएं मुख्य रूप से तीन विधियों से क्रियान्वित की जाती हैं, अर्थात् (i) निर्माण, प्रचालन और हस्तांतरण (बीओटी), (ii) हाइब्रिड एन्युटी मॉडल (एचएएम) और (iii) इंजीनियरिंग प्रोक्युर्मेंट एंड कंस्ट्रक्शन (ईपीसी)। निर्माण, प्रचालन और हस्तांतरण (बीओटी) परियोजनाओं के लिए रियायत अवधि 15 से 20 वर्ष है और हाइब्रिड एन्युटी मॉडल (एचएएम) पर यह सामान्य तौर पर 15 वर्ष है। परियोजना की रियायत अवधि के भीतर संबंधित एनएच खंडों के रख-रखाव के लिए रियायतग्राही जिम्मेदार है। केवल ईपीसी परियोजनाओं के मामले में, बिटुमिनस फुटपाथ कार्यों के लिए दोष देयता अवधि (डीएलपी) 5 वर्ष और कंक्रीट फुटपाथ कार्यों के लिए 10 वर्ष है।

टोल-प्रचालन-हस्तांतरण(टीओटी) और इनविट परियोजनाओं के लिए रखरखाव सहित रियायत अवधि 20 से 30 वर्ष है। प्रचालन, अनुरक्षण और हस्तांतरण (ओएमटी) परियोजनाओं के लिए रियायत अवधि आमतौर पर 9 वर्ष है।

राष्ट्रीय राजमार्गों के उन सभी शेष खंडों के लिए जहां डीएलपी अवधि समाप्त हो गई है या जो बीओटी/एचएएम/टीओटी/ इनविट परियोजना की किसी रियायत अवधि के अंतर्गत नहीं हैं, सरकार ने कार्य-निष्पादन आधारित रखरखाव अनुबंध (पीबीएमसी) या अल्पकालिक रखरखाव अनुबंध (एसटीएमसी) के माध्यम से रखरखाव कार्य करने का नीतिगत निर्णय लिया है। जबकि एसटीएमसी कार्य आम तौर पर 1-2 वर्ष की अनुबंध अवधि के लिए किए जाते हैं, पीबीएमसी कार्य लगभग 5-7 वर्षों की अनुबंध अवधि के लिए किए जाते हैं। चालू वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान, सरकार ने 2,842 करोड़ रुपये की लागत से 17,884 किलोमीटर लंबाई में एसटीएमसी कार्यों और 6,757 करोड़ रुपये की लागत से 6,118 किलोमीटर लंबाई में पीबीएमसी कार्यों को मंजूरी दी है।

(ग) अनुबंध के प्रावधानों के अनुसार सड़क की स्थिति में चिह्नित किए गए दोषों/समस्याओं की मरम्मत के साथ-साथ अन्य रखरखाव/मरम्मत कार्य ठेकेदार/रियायतग्राही द्वारा निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरे किए जाते हैं। अनुबंध दस्तावेजों में शामिल दंड प्रावधानों और नियमित फील्ड रिपोर्ट के माध्यम से दोषी ठेकेदार/रियायतग्राही के खिलाफ कार्रवाई के लिए अनुपालन सुनिश्चित किया जाता है।

सरकार राष्ट्रीय राजमार्गों के टिकाऊपन बढ़ाने और रखरखाव की आवश्यकताओं को कम करने के लिए (वर्षा, भूभाग के प्रकार, मिट्टी की श्रेणी आदि जैसे कारकों पर निर्भर करते हुए) अभिनव प्रौद्योगिकियां या विधियां अपनाने के लिए प्रोत्साहित करती है। ऐसी प्रौद्योगिकियों या विधियों में सबग्रेड का स्थिरीकरण, सब-बेस/बेस में जियोसिंथेटिक प्रबलित परत, कंक्रीट सड़कें/ व्हाइटटॉपिंग, स्थायी फुटपाथ, उच्च प्रदर्शन बिटुमिनस मिक्स, संशोधित बिटुमेन/बिटुमिनस मिक्स, फाइबर प्रबलित कंक्रीट, सीमेंट ग्राउटेड बिटुमिनस मिक्स आदि शामिल हैं। स्वचालित और इंटेलिजेंट मशीन-सहायता-प्राप्त निर्माण को अपनाया गया है जो क्लाउड आधारित रखरखाव रिकॉर्ड और गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करता है।

(घ) कार्य शुरू होने से पूर्व, पूर्णता प्रमाण पत्र जारी करने से पहले और उसके बाद कार्य पूरा होने के छह महीने के नियमित अंतराल पर राष्ट्रीय राजमार्गों के खंडों के लिए नेटवर्क सर्वेक्षण वाहन (एनएसवी) के माध्यम से सड़क की स्थिति का आकलन किया जाता है, जिससे नियमित अंतराल पर राष्ट्रीय राजमार्गों का गुणवत्ता मूल्यांकन संभव हो सके, ताकि (i) रियायत अवधि/डीएलपी के दौरान रखरखाव सुनिश्चित किया जा सके और (ii) राष्ट्रीय राजमार्गों को यातायात योग्य स्थिति में बनाए रखने के लिए रखरखाव आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी जा सके।

इसके साथ ही, एनएचएआई वन**/** तत्पर ऐप के माध्यम से ऐप आधारित निगरानी से क्षेत्रीय अधिकारी/इंजीनियर/ठेकेदार/रियायतग्राही द्वारा सीधे साइट से ही राजमार्ग परियोजना के कुशल प्रबंधन की सुविधा मिलती है, जिसमें दैनिक दोषों और मासिक दोषों की डिजिटल रिपोर्टिंग, निरीक्षण के लिए जियो-टैग और टाइम-स्टैम्प्ड फोटो प्रस्तुत करना और परीक्षण परिणामों को डिजिटल रूप से अपलोड करना शामिल है।

*****